# राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर
## अध्यक्ष सचिवालय

क्रमांक: TACM/WC/21/10-11/ 193 दिनांक 16.12.2010

## कार्यवाही विवरण

कार्य समिति बैठक संख्या 05/2010–11
दिनांक : 13.12..2010

**कार्य समिति की बैठक दिनांक 13.12..2010 को सायं 03.30 बजे माननीय अध्यक्ष, राजस्थान आवासन मण्डल की अध्यक्षता में बोर्ड रूम में सम्पन्न हुई।**

उपस्थितः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री ललित कोठारी, अध्यक्ष, राज.आ.म.जयपुर | अध्यक्ष |
| 2. | श्री पी.के.गोयल,आवासन आयुक्त राज.आ.म,जयपुर | सदस्य |
| 3. | श्री एच.सी. अग्रवाल, मुख्य अभियन्ता, राज.आ.म. जयपुर | सदस्य |
| 4. | श्री एन.के. खरे, अति. मुख्य नगर नियोजक, प्रतिनिधि मु.नगर नियोजक, | सदस्य |
| 5. | श्री अरविन्द दीवान, वरिष्ठ लेखा0 प्रतिनिधि वि0स0 एवं मु0लेखा0, राज.आ.म। | सदस्य |
| 6. | श्री टी.सी. मित्तल, अति0 मु0 अ0 (प्रथम), राज. आ.म., जयपुर | सदस्य |
| 7. | श्री डी.सी. बाबेल, अति0 मु0अ0 (तृतीय), राज. आ. म, जयपुर। | सदस्य |
| 8. | श्री के.एन. माथुर, तक0 सहायक–अध्यक्ष, राज. आ. म., जयपुर | सदस्य–सचिव |

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय ने कहा कि समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले विचार बिन्दु एक ही प्ररूप में नहीं बनाए जाते हैं। डेविएशन एवं एक्स्ट्रा आईटम हेतु विचार बिन्दु भी पृथक–पृथक रूप से तैयार कर प्रस्तुत किए जाते हैं जो उचित नहीं है। उन्होने निर्देशित किया कि भविष्य में समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले समस्त विचार बिन्दु समान प्ररूप में प्रस्तुत किए जाने चाहिए जो कि सीकेवेन्सियल मेनर **(Sequential Manner)** में होने चाहिए। टेण्डर हेतु समान प्ररूप हो तथा डेविएशन, एक्स्ट्रा आईटम एवं टाईम एक्स्टेंशन प्रकरणों का समावेश एक ही विचार बिन्दु में होना चाहिए जिसके लिए पृथक प्ररूप हो।

कार्य समिति के समक्ष प्रस्तुत एजेन्डा पर विस्तृत विचार विमर्श पश्चात् निम्न निर्णय लिये गयेः–

**Agenda No. 1 Confirmation of Minutes of the Works Committee meeting No. 4/10-11 held on 28.09.10.**

बैठक के प्रारम्भ में दिनांक 28.09.2010 को आयोजित बैठक के कार्यवाही विवरण की सर्वसम्मति से पुष्टि की गई।

**Agenda No. 2 Action Taken Report - Works Committee meeting No. 4/10-11 held on 28.09.2010.**

विचार बिन्दु पर चर्चा कर गत बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया। आवासीय अभियन्ता, खण्ड भीलवाड़ा द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण के सम्बन्ध में अध्यक्षजी द्वारा निर्देशित किया गया कि दिए गए स्पष्टीकरण पर पृथक–रूप से विचार कर नियमानुसार सक्षम अधिकारी द्वारा निर्णय लिया जाना उचित रहेगा।

**Agenda No. 3** **Ex-post-facto approval of Tender for the works of Operation & Maintenance of W.S.S. at Sector 3-4, I.G. Nagar, Jagatpura, Jaipur. Tenderer - M/s. Neeru Enterprises, Jaipur.**

आवासीय अभियन्ता, पी.एच.ई. खण्ड द्वितीय जयपुर द्वारा तैयार किया गया विचार बिन्दु अपूर्ण पाया गया। विचार बिन्दु में तथ्यों का नितान्त अभाव पाया गया यद्यपि विचार बिन्दु में समिति की बैठक संख्या 3/10-11 में लिए गए निर्णय के संदर्भ में निविदा की स्वीकृति उप आवासन आयुक्त, वृत्त तृतीय द्वारा की जानी दर्शाई गई थी। विचार बिन्दु तैयार करते समय पूरे तथ्यों का उल्लेख किया जाना चाहिए था।

तथ्यों के अभाव में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रकरण स्पष्ट विचार बिन्दु बनाते हुए मय समस्त तथ्यों के समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जावे।

**Agenda No. 4** **Approval of Tender for construction of Major Storm Water Drains, Drains & Culvert for disposal of rain water at Aravali Vihar, Bhiwadi. Contractor - M/s. Rakesh Construction.**

अति. मुख्य अभियन्ता-द्वितीय ने समिति को बताया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स राकेश कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी-शिड्युल से 24.51 प्रतिशत अधिक दर दी गई है। मुख्य अभियन्ता कार्यालय से न्यूनतम दरदाता से एक बार निगोशिएसन किया गया जिसके अनुसार संशोधित दरें 22.51 प्रतिशत अधिक प्राप्त हुई है।

उन्होने यह भी बताया कि उप आवासन आयुक्त, वृत्त अलवर द्वारा आर.टी. पी. का आंकलन किया गया जिसके अनुसार दरें बी.एस.आर. 2008 पर 25.24 अधिक को उचित बताया गया है। जनवरी 2010 में सक्षम अधिकारी द्वारा तकनीकी स्वीकृति जारी करते समय दरें बी.एस.आर. 2008 से 5 प्रतिशत अधिक आंकी गई थी। उनके अनुसार वर्तमान में प्राप्त संशोधित दर भी अधिक प्रतीत होती है। अति. मुख्य अभियन्ता का अभिमत था कि चूंकि न्यूनतम निविदादाता से एक बार निगोसिएशन किया जा चुका है एवं तकनीकी स्वीकृति जारी करते समय दरें बी.एस.आर. 2008 से 5 प्रतिशत अधिक आंकी गई थी अतः उचित रहेगा कि तकनीकी स्वीकृति जारी करते समय आंकी गई दर के आधार पर न्यूनतम निविदादाता को काउन्टर ऑफर दिया जाए।

समिति द्वारा प्रकरण में चर्चा कर यह निर्णय लिया गया कि न्यूनतम निविदादाता को बी.एस.आर. 2008 से 5 प्रतिशत अधिक का काउन्टर ऑफर दिया जाए। न्यूनतम निविदादाता द्वारा काउन्टर ऑफर स्वीकार नहीं किए जाने की दशा में नियमानुसार अगले निविदादाता को काउन्टर ऑफर दी जाए एवं नियमानुसार अग्रिम प्रक्रिया अपनाई जाए।

**Agenda No. 5** **Approval of Tender for construction of EWS 205 Nos. houses at Maa Latiyal Bhawani Nagar Extension Scheme, Phalodi. Tenderer - M/s. Kakkar Const. Co.**

अति. मुख्य अभियन्ता-प्रथम ने समिति को बताया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स कक्कड़ कन्स्ट्रक्शन कम्पनी ने अपनी दरें जोधपुर बी.एस.आर. 2009

पर आधारित जी-शिड्युल से 0.51 प्रतिशत कम दी थी। न्यूनतम निविदादाता से मुख्य अभियन्ता स्तर पर संशोधित दरें देने हेतु कहे जाने पर उन्होने अपनी संशोधित दरें जी-शिडयुल से 3.75 प्रतिशत कम दी।

आवासीय अभियन्ता द्वारा आंकी गई आर.टी.पी. के अनुसार दरें बी.एस.आर. 2009 से 21.82 प्रतिशत अधिक है जबकि हाल ही में मुख्य अभियन्ता स्तर पर फलौदी के ही अन्य कार्यों हेतु स्वीकृत की गई दरें बी.एस.आर. 2009 पर आधारित जी-शिड्युल से 9.91 प्रतिशत से 3.75 प्रतिशत कम है। अतः न्यूनतम निविदादाता द्वारा दी गई संशोधित दर स्वीकृत करने योग्य है।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर प्रस्तावानुसार मैसर्स कक्कड़ कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा दी गई संशोधित दर जोधपुर जिला बी.एस.आर. 2009 से 03.75 प्रतिशत कम को स्वीकृत किया गया।

**Agenda No. 6** **Approval of Tender for construction of MIG-A 56 Nos. houses at Maa Latiyal Bhawani Nagar Extension, Phalodi. Contractor - M/s. I.P. Singh Construction.**

अति. मुख्य अभियन्ता-प्रथम ने समिति को बताया कि प्रकरण में चार निविदाएं प्राप्त हुई। न्यूनतम निविदादाता मैसर्स आई.पी. सिंह कन्स्ट्रक्शन जोधपुर जिला बी.एस.आर. 2009 पर आधारित जी-शिड्युल पर अपनी दर 5.98 प्रतिशत कम दी। मुख्य अभियन्ता स्तर पर किए गए निगोशिएसन के अर्न्तगत न्यूनतम निविदादाता ने अपनी संशोधित दर 6.01 प्रतिशत कम दी। उन्होने यह भी बताया कि हाल ही में मुख्य अभियन्ता स्तर पर फलौदी के ही अन्य कार्यो हेतु स्वीकृत की गई दरें बी.एस.आर. 2009 पर आधारित जी-शिड्युल से 9.91 प्रतिशत से 3.75 प्रतिशत कम है। अतः न्यूनतम निविदादाता द्वारा दी गई संशोधित दर स्वीकृत करने योग्य है।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर प्रस्तावानुसार मैसर्स आई.पी. सिंह कन्स्ट्रक्शन द्वारा दी गई संशोधित दर जोधपुर जिला बी.एस.आर. 2009 से 06.01 प्रतिशत कम को स्वीकृत किया गया।

**Agenda No. 7** सेक्टर-6, पटेल नगर योजना, भीलवाड़ा में एस.एफ.एस. 2010 के अर्न्तगत प्रस्तावित मध्यम आय वर्ग-ब के 50 आवासों के निर्माण कार्य हेतु किए गए कार्य विभाजन की कार्योत्तर स्वीकृति बाबत।

प्रस्ताव पर विचार कर समिति द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्य समिति की कार्योत्तर स्वीकृति की अपेक्षा में पूर्व में किए गए कार्य विभाजन को निम्नानुसार स्वीकृति दी गई:-

| Zone | Category | Nos. | Amount (Rs. in lacs) |
|---|---|---|---|
| ZONE-I | MIG-B | 21 | 256.63 |
| ZONE-II | MIG-B | 29 | 354.41 |
| | Total | 50 | 611.04 |

**Agenda No. 8** सेक्टर-6, पटेल नगर योजना, भीलवाड़ा में एस.एफ.एस. 2010 के अर्न्तगत प्रस्तावित उच्च आय वर्ग के 36 आवासों के निर्माण कार्य हेतु किए गए कार्य विभाजन की कार्योत्तर स्वीकृति बाबत।

प्रस्ताव पर विचार कर समिति द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्य समिति की कार्योत्तर स्वीकृति की अपेक्षा में पूर्व में किए गए कार्य विभाजन को निम्नानुसार स्वीकृति दी गईः–

| Zone | Category | Nos. | Amount (Rs. in lacs) |
|---|---|---|---|
| ZONE-I | HIG | 19 | 287.83 |
| ZONE-II | HIG | 17 | 257.53 |
| | Total | 36 | 545.36 |

**Agenda No. 9** **Approval of splitting for the construction of MIG-A=96 Nos. houses at Residential STC Colony, Bharatpur.**

समिति द्वारा कार्य विभाजन के प्रस्ताव पर विचार कर निम्नानुसार स्वीकृति दी गईः–

| Sr. No. | Name of Work | Zone | Amount (Rs. in lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of MIG-A 46 Nos. | I | 240.12 |
| 2 | Construction of MIG-A 50 Nos. | II | 261.00 |
| 3 | Development work (WBM road) | III | 8.86 |
| 4 | Development work (Paver work of road, drain & retaining wall etc.) | IV | 28.19 |
| | Total | | 538.17 |

**Agenda No. 10** **Ex-post-facto approval of splitting for construction of EWS -100 Nos., LIG-55 Nos. & MIG-A 40 Nos. houses at new NEB Extension Scheme, Alwar.**

प्रस्ताव पर विचार कर समिति द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्य समिति की कार्योत्तर स्वीकृति की अपेक्षा में पूर्व में किए गए कार्य विभाजन को निम्नानुसार स्वीकृति दी गईः–

| Zone | Category | Nos. | Amount (Rs. in lacs) |
|---|---|---|---|
| Zone-A | MIG-A | 11 | 66.00 |
| | LIG | 21 | 69.87 |
| | Total Zone-A | | 135.87 |
| Zone-B | LIG | 19 | 63.22 |
| | MIG-A | 13 | 78.00 |
| | EWS | 62 | 105.40 |
| | Total Zone-B | | 246.62 |
| Zone-C | EWS | 38 | 64.60 |
| | LIG | 15 | 49.91 |
| | MIG-I | 16 | 96.00 |
| | Total Zone-C | | 210.51 |
| | Grand Total | | 593.00 |

**Agenda No. 11** **Ex-post-facto approval of splitting for the construction & development work of EWS (G+3) 224 Flats at Phase-I, Aravali Vihar, Bhiwadi.**

प्रस्ताव पर विचार कर समिति द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्य समिति की कार्योत्तर स्वीकृति की अपेक्षा में पूर्व में किए गए कार्य विभाजन को निम्नानुसार स्वीकृति दी गई:–

| Sr.No. | Scheme | Nos. | Amount (Rs. in lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | **Construction of EWS (G+3) 224 Nos. flats and its development works at Aravali Vihar, Ph-I, Bhiwadi.** | | |
| | Zone-I EWS (G+3) Flats | 112 | 402.425 |
| | Zone-II EWS (G+3) Flats | 112 | 402.425 |
| | Zone-III Develpoment work (Construction of drains & culvert CC pavement road, park & boundary, water harvesting, horticulture work/ arboriculture). | | 96.38 |
| | Grand Total | | 901.23 |

Agenda No. 12 डूंगरपुर शहर में स्ववित्त पोषित योजना 2010 के अर्न्तगत उच्च आय वर्ग के 14, मध्यम आय वर्ग–ब के 19, मध्यम आय वर्ग–अ के 15 एवं अल्प आय वर्ग के 08 आवासों के निर्माण कार्य के कार्य विभाजन की स्वीकृति बाबत।

समिति द्वारा कार्य विभाजन के प्रस्ताव पर विचार कर निम्नानुसार स्वीकृति दी गई:–

| Zone | Category | Amount (Rs. in lacs) |
|---|---|---|
| ZONE-I | LIG-8, MIG-B 19 | 211.59 |
| ZONE-II | MIG-A 15, HIG-14 | 237.71 |
| | Total | 449.30 |

Agenda No. 13 **Approval of Final Deviation Statement and Extra Items for construction work of MIG-I-31 Nos. at Zone-I, New Housing Scheme, Tonk. Contractor - M/s. Shri Durga Construction.**

अ. विचलन प्रपत्र

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने बताया कि टोंक में स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत मध्यम आय वर्ग–अ के 31 मकानो का निर्माण कार्य मैसर्स श्री दुर्गा कन्स्ट्रक्शन को 12330974.54 की राशि का कार्यादेश दिया गया था। किए गए कार्य की अन्तिम राशि 14034889.82 हैं। इस प्रकार कुल 13.8 प्रतिशत अधिक का विचलन हुआ। विचलन के प्रमुख कारणों में भूखण्ड लो–लाईंग एरिया में था तथा जिसमें कचरा इत्यादि भरा था। इस कारण नींव की चुनाई का कार्य अधिक करवाना पड़ा तथा भराई का कार्य भी अधिक हुआ। छत के कार्य में वाटरप्रुफिंग का कार्य सम्मिलित नहीं किया गया था। इन सभी कारणों से अतिरिक्त मात्रा में कार्य करवाने एवं अतिरिक्त आईटम करवाने के कारण विचलन हुआ जो कि निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति को देखते हुए कार्य करवाए जाने के कारण उचित हैं एवं विचलन स्वीकृत करने योग्य है।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स श्री दुर्गा कन्स्ट्रक्शन द्वारा किए गए कार्य की अन्तिम राशि 14034889.82 तक कार्य किए जाने के कारण हुए विचलन की स्वीकृति दी गई।

ब. अतिरिक्त आईटम

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने बताया कि टोंक में स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत मध्यम आय वग–अ के 31 मकानों का निर्माण कार्य मैसर्स श्री दुर्गा कन्स्ट्रक्शन को 12330974.54 की राशि का कार्यादेश दिया गया था। भू:खण्ड लो लाईंग एरिया में होने के कारण एवं जिस पर कचरा डाले जाने के कारण ''ब्लैक कॉटन सॉइल'' के समकक्ष स्थिति हो गई थी एवं तकनीकी कारणों से प्लिन्थ में ''रिवर सेन्ड'' डलवाने की आवश्यकता महसूस की गई। इसी प्रकार भराई के लिए अन्य मिट्टी की आवश्यकता हुई एवं अतिरिक्त आईटम करवाने पड़े। चूंकि मूल अनुबन्ध में छत पर बिटुमन लगाने का कार्य एवं वाटर–प्रुफिंग का कार्य का प्रावधान नहीं किया गया अतः इसके लिए अतिरिक्त आईटम करवाने पड़े। फर्श के लिए कास्ट–इन–सिटू मोजाइक का आईटम लिया गया था जिसके स्थान पर प्रिकास्ट टाइल्स का कार्य करवाया गया जिससे कुछ बचत की जा सके। कुल 1876560.95 की राशि के अतिरिक्त आईटम करवाए गए जो कि कार्यादेश राशि के 15.22 प्रतिशत है। क्योंकि करवाए गए अतिरिक्त आईटम कार्यस्थल की स्थिति को दृष्टिगत रख कर करवाए जाने आवश्यक समझे गए अतः स्वीकृत करने योग्य है।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स श्री दुर्गा कन्स्ट्रक्शन द्वारा किए गए अतिरिक्त आईटम जिनकी राशि 1876560.95 है को स्वीकृत किए जाने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 14 **Ex-post-facto approval of splitting proposal for construction & development work of LIG (G+3) = 224 Flats at Phase-III, Aravali Vihar, Bhiwadi.**

प्रस्ताव पर विचार कर समिति द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्य समिति की कार्योत्तर स्वीकृति की अपेक्षा में पूर्व में किए गए कार्य विभाजन को निम्नानुसार स्वीकृति दी गईः–

| Sr.No. | Scheme | Nos. | Amount (Rs. in lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of LIG (G+3) 224 Nos. flats and its development works at Aravali Vihar, Ph-III, Bhiwadi. | | |
| | Zone-I LIG (G+3) Flats | 112 | 650.185 |
| | Zone-II LIG (G+3) Flats | 112 | 650.185 |
| | Zone-III Develpoment work (Construction of drains & culvert CC pavement road, park & boundary, water harvesting, horticulture work/ arboriculture). | | 120.870 |
| | Grand Total | | 1421.24 |

समिति की बैठक माननीय अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये समाप्त की गयी।

सदस्य सचिव–कार्य समिति एवं
तकनीकी सहायक–अध्यक्ष

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव अध्यक्ष, राजस्थान आवासन मंडल, जयपुर।
2. निजी सचिव – आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मंडल जयपुर।
3. निजी सहायक, मुख्य नगर नियोजक, राज0 सरकार, जयपुर।
4. मुख्य अभियंता, रा0आ0मं0, जयपुर।
5. वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, रा0आ0मं0 जयपुर।
6. अतिरिक्त मुख्य अभियंता–I/III, राज. आ. मंडल, जयपुर
7. उप आवासन आयुक्त, वृत्त–प्रथम/द्वितीय/तृतीय, रा.आ.मं., जयपुर /वृत्त जोधपुर प्रथम/द्वितीय।
8. तकनीकी सहायक, आवासन आयुक्त, राज.आ.मण्डल, जयपुर।

सदस्य सचिव–कार्य समिति एवं
तकनीकी सहायक–अध्यक्ष